प्रथम वर्ष के स्वयंसेवकों हेतु संपन्न “प्रबोधन कार्यक्रम” की रिपोर्ट

प्राचार्य महोदय के व्हाट्सऐप पर प्राप्त आदेश के आधार पर दिनाँक: 18 नवम्बर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े प्रथम वर्ष के स्वयंसेवकों हेतु प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री शहाबुद्दीन ने नवागंतुक विद्यार्थोयों का स्वागत करते हुए उनके समक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य को स्पष्ट किया. उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तृत रूपरेखा स्पष्ट की. राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक को स्पष्ट करते हुए उन्होंने उसके बेज और गीत के विषय में विस्तृत जानकारी दी. साथ ही उन्होंने युवा साथियों का उत्साहवर्धन भी किया. महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित किया और उन्हें सच्ची लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी. उन्होंने बताया की एक व्यक्ति यदि मन से चाह ले तो समाज में परिवर्तन ला सकता है. उन्होंने सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुए बताया कि हमें निरंतर सकारात्मक प्रयास करते रहना चाहिए. कार्यक्रम में कुल 69 स्वयंसेवकों ने भाग लिया. इसमें कई वरिष्ठ स्वयंसेवक भी शामिल हुए.

डॉ. शहाबुद्दीन,
कार्यक्रम अधिकारी
(राष्ट्रीय सेवा योजना)

Programme Officer
NSS Unit,
Dr. APJ Abdul Kalam Govt. College,
Dokmardi